## संपादकीय

# यूरोप का मिजाज

दुनिया की सबसे बड़ी संसद यूरोपियन पार्लियामेंट के चुनाव में उलटफेर के संकेत मिले हैं। अब तक आए परिणामों के अनुसार दक्षिणपंथी और वामपंथी पार्टियों के प्रति यूरोप में समर्थन कम हुआ है। 2014 में ऐसे रुझानों वाली पार्टियों को ज्यादा सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार 178 सीटों के साथ मध्य-दक्षिण रुझान वाली पार्टियों का समन्वय यूरोपियन पीपल्स पार्टी (ईपीपी) यूरोपीय संसद का सबसे बड़ा राजनीतिक समूह बनकर उभरी है। कहा जा रहा है कि इससे विचारों का टकराव कम तीखा होगा और सत्ता में संतुलन आएगा। जर्मन चांसलर एंगेला मर्केल की दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स को 28 प्रतिशत मत मिले हैं, जो यूरोपीय चुनाव में उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। वामपंथी सहमेल सोशल डेमोक्रेट्स का प्रदर्शन भी बेहद कमजोर रहा है। उसे महज 16 प्रतिशत वोट मिल पाए हैं।

ब्रिटेन में यूरोपियन यूनियन की विरोधी ब्रेग्जिट पार्टी जीत की ओर बढ़ रही है। इन चुनावों का भारतीय पक्ष यह है कि ब्रिटिश भारतीय उद्यमी दिनेश धमीजा लंदन से निर्वाचित हुए हैं। ब्रिटेन के ईयू में बने रहने के कट्टर समर्थक धमीजा ने लिबरल डेमोक्रेटिक सीट से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उम्मीद से ज्यादा वोट पड़े हैं। माना जा रहा है कि इस बार युवा मतदाताओं ने कहीं ज्यादा उत्साह दिखाया है। यूरोपियन पार्लियामेंट यूरोपीय संघ का एकमात्र प्रत्यक्ष निर्वाचित हिस्सा है। इसकी शुरुआत 1957 में रोम की संधि द्वारा यूरोपीय आर्थिक परिषद के रूप में छह यूरोपीय देशों की भागीदारी से हुई थी। बाद में इसके सदस्य देशों की संख्या बढ़ती गई। फिलहाल यह 28 यूरोपीय देशों के 50 करोड़ से ज्यादा लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। हर पांच वर्षों में यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के मतदाता इसके 751 सदस्यों का चुनाव मतदान के जरिए करते हैं। यूरोपियन पार्लियामेंट लगभग समूचे यूरोप के लिए स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण, नौकरियां, वेतन और पारिवारिक मुद्दों पर कानून बनाती है। इसके सदस्यों के पास यूरोपीय संघ का बजट पास करने का भी अधिकार होता है।

यूरोपीय संसद की भूमिका यूरोपीय संघ की दूसरी संस्थाओं की निगरानी करने की भी होती है। आज जब संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन का प्रभाव कम हो रहा है, तब यूरोपीय संसद की ताकत ज्यों की त्यों है और इसके फैसलों का यूरोपीय लोगों के जीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। अभी यूरोप दुनिया की कुछ गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। हर जगह बढ़ते संरक्षणवाद और अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर को देखते हुए अपने कारोबार को लेकर उसे कई अहम फैसले करने हैं। विदेश नीति में अमेरिका से अपने संबंध को क्या रूप दिया जाए, यह भी तय करना है और पश्चिमी एशिया से आ रही शरणार्थियों की बाढ़ पर भी कोई स्टैंड लेना है। उम्मीद करें कि यूरोपीय संसद समझदारी से सारे मसलों के हल ढूंढेगी।

# आरबीआई ने एनबीएफसी के लिये कर्ज प्रतिभूतिकरण की राहत अवधि में किया इजाफा



**नई दिल्ली।** आरबीआई (आरबीआई) ने बुधवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को नकदी संकट से उबारने के लिए एक और फैसला किया है। आरबीआई ने एनबीएफसी के लिए न्यूनतम होल्डिंग पीरियड की आवश्यकता को बढ़ा दिया है ताकि ऋण प्रतिभूतिकरण (loan securitization) के जरिये धन जुटाया जा सके। इस तरह न्यूनतम होल्डिंग पीरियड बढ़ा दिये जाने से एनबीएफसी को काफी फायदा होने वाला है।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को 5 साल से अधिक मैच्योरिटी वाली अवधि के कर्ज को अपने खातों में छह महीने तक रखने के बाद उनका प्रतिभूतिकरण करने की भी अनुमति दी गई है। इससे पूर्व में एनबीएफसी को इस तरह के ऋण को कम से कम एक साल तक अपने खातों में रखना होता था। इससे पहले नवंबर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी की गई नोटिफिकेशन के अनुसार, ऋण को छह महीने तक रखने के बाद प्रतिभूतिकरण करने की व्यवस्था मई 2019 तक के लिए दी गई थी। अब आरबीआई द्वारा बुधवार को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, इस व्यवस्था को 31 दिसंबर 2019 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि, पिछले साल के अंत में आईएल एंड एफएस के डिफाल्ट होने के बाद से एनबीएफसी और एचएफसी (हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां) मंदी से गुजर रही हैं। हालात ज्यादा बिगड़ने पर सरकार को इन्हें अपने नियंत्रण में लेना पड़ा है। अब आरबीआई के इस फैसले से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां पांच साल से अधिक अवधि के कर्ज का प्रतिभूतिकरण कर ज्यादा धन जुटा सकेंगी।

## छह दिन बाद पेट्रोल का दाम नहीं बढ़ा, डीजल की कीमत भी स्थिर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल के दाम में लगातार छह दिनों से जारी वृद्धि का सिलसिला बुधवार को थम गया। तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के दाम में भी कोई बदलाव नहीं किया। पिछले छह दिनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पेट्रोल के दाम में 69 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार बुधवार को दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम यथावत क्रमशः 71.86 रुपये, 73.92 रुपये, 77.47 रुपये और 74.59 रुपये प्रति लीटर रहे। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में क्रमशः 66.69 रुपये, 68.45 रुपये, 69.88 रुपये और 70.50 रुपये प्रति लीटर रहे। एक दिन पहले तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में नौ पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल के दाम में चारों महानगरों में पांच पैसे की वृद्धि की थी।

## सोना हुआ महंगा, चाँदी 225 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच घरेलू जेवराती माँग आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 150 रुपये चमककर 33,030 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। हालांकि औद्योगिक ग्राहकी कमजोर पड़ने से इस दौरान चाँदी 225 रुपये की गिरावट में 37,325 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लंदन का सोना हाजिर 5.65 डॉलर की बढ़त के साथ 1,284.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। जून का अमेरिकी सोना वायदा भी 7.30 डॉलर की तेजी के साथ 1,284.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच जारी तनातनी के कारण वैश्विक आर्थिक विकास की गति सुत पड़ने की आशंका के कारण पीली धातु की चमक बढ़ी है। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के मजबूत बने रहने के कारण यह बढ़त सीमित रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में चाँदी हाजिर 0.07 डॉलर की तेजी के साथ 14.59 डॉलर प्रति औंस के भाव बिकी।

## ग्राहकों की सहमति से केवाईसी के लिए आधार यूज कर सकते हैं भारतीय रिजर्व बैंक



**नई दिल्ली।** बैंक ग्राहकों की सहमति से केवाईसी (ग्राहक को जानो) सत्यापन के लिए आधार का उपयोग कर सकते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से यह बात कही गई. केंद्रीय बैंक ने व्यक्तियों की पहचान के लिए दस्तावेजों की अपनी सूची को अपडेट किया है. रिजर्व बैंक ने साफ किया कि बैंक और अन्य इकाइयां बैंक खाते खोलने समेत विभिन्न ग्राहकों सेवाओं के लिए केवाईसी नियमों का पालन करेंगे.

**ऑफलाइन सत्यापन करने की अनुमति दी गई-** केंद्रीय बैंक ने केवीईसी पर संशोधित निर्देश में कहा, 'बैंक को ऐसे व्यक्तियों का आधार सत्यापन/ ऑफलाइन सत्यापन करने की अनुमति दी गई है, जो स्वेच्छा से अपने आधार का उपयोग पहचान को प्रमाणित करने के लिए करना चाहते हैं.' केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फरवरी में, बैंक खाते खोलने और मोबाइल फोन कनेक्शन लेने के लिए पहचान प्रमाण के रूप में आधार के स्वैच्छिक उपयोग की अनुमति देने के लिए एक अध्यादेश को मंजूरी दी थी.अध्यादेश को एक विधेयक के रूप में पेश किया था, जिसे 4 जनवरी को लोकसभा में पारित कर दिया गया था, लेकिन राज्यसभा में यह लंबित पड़ा था. लोकसभा भंग होने के साथ ही विधेयक भी समाप्त हो गया है. आरबीआई ने कहा कि आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेजों (ओवीडी) की सूची में ' आधार को प्रमाण ' के रूप में जोड़ा गया है.

## मशरफे को विश्व कप में शाकिब से कुछ बड़ा करने की उम्मीद



**कार्डिफ (आरएनएस)।** बांग्लादेश के कप्तान मशरफे मुर्तजा को उम्मीद है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन गुरुवार से शुरू होने जा रहे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अच्छा करेंगे। मौजूदा समय में वर्ल्ड नंबर वन आलराउंडर शाकिब गुरुवार को भारत के साथ खेले गए अभ्यास मैच में कुछ अच्छा नहीं कर पाए थे। बल्लेबाजी में वह शून्य पर बोल्ड हो गए थे जबकि गेंदबाजी में उन्होंने छह ओवर में 58 रन देकर दो विकेट लिए थे। क्रिकइंफो ने मशरफे के हवाले से लिखा, शाकिब का दिन अच्छा नहीं था, लेकिन उनके पास वापसी करने का अच्छा अनुभव है। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने अपने पहले पांच ओवर में 19 रन देकर सफलता अपने नाम की, जोकि फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज के बाद से उनका अच्छा प्रदर्शन था।

कप्तान ने कहा, उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की और 140 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से गेंद की। अगर वह इसी तरह गेंदबाजी करते हैं तो हमारी गेंदबाजी इकाई काफी मजबूत बन सकती है। हम नई गेंद से उनसे अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं।

## जेट संकट के कारण छह साल में पहली बार अप्रैल में गिरा देश का घरेलू एयर ट्रैफिक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अप्रैल महीने में देश में घरेलू एयर ट्रैफिक में गिरावट आई है। ऐसा पिछले छह सालों में पहली बार हुआ है। इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट असोसिएशन (आईएटीए) ने अपनी रिपोर्ट में इसकी वजह जेट एयरवेज के बंद होने और अन्य कारणों से फ्लाइट कैंसलेशन के बढ़ते मामले की वजह से हुआ है। इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने रिपोर्ट में कहा, वास्तव में भारत का एयरलाइंस ट्रैफिक सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत गिरा है। यह जेट एयरवेज के बंद होने का असर है। छह साल में ऐसा पहली बार हुआ है कि इस वर्ष अप्रैल महीने में साल भर पहले इसी महीने की तुलना में डोमेस्टिक ट्रैफिक में गिरावट आई है।

दुनियाभर के 209 एयरलाइंस आईएटीए के सदस्य हैं जो वैश्विक एयर ट्रैफिक के 82 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थाई रूप से दहाई अकों में रेवेन्यू पैसेंजर किलोमीटर (आरपीके) ग्रोथ हासिल करने के बाद भारत का घरेलू बाजार जनवरी 2014 के बाद पहली बार नेगेटिव ग्रोथ दर्ज किया है। अप्रैल 2019 में भारत का आरपीके अप्रैल 2018 के मुकाबले 0.5 प्रतिशत कम रहा। दिसंबर 2018 में भारत के डोमेस्टिक मार्केट ने सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की थी।

रिपोर्ट आगे कहती है कि पिछले पांच वर्षों में भारत का घरेलू एयर ट्रैफिक औसतन करीब 20 प्रतिशत की गति से बढ़ा। इसने कहा, अचानक आई गिरावट का प्रमुख कारण जेट एयरवेज का बाजार से बाहर होना है। दूसरी किसी एयरलाइन ने जेट से खाली हुई बड़ी जगह को नहीं भरा है।

## महिला हॉकी : आयरलैंड सीनियर ने भारतीय जूनियर टीम को 4-1 से हराया

**डबलिन (आयरलैंड) (आरएनएस)।** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम को आयरलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ यहां 1-4 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।भारतीय टीम आयरलैंड का दौरा कर रही है। दौरे पर यह मेहमान टीम का पहला मैच था। मुकाबले में भारत की टीम ने अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा, लेकिन अधिक गोल करने में कामयाब नहीं हो पाई। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और मेजबान टीम ने सातवें मिनट में एकमात्र गोल करते हुए बढ़त बना ली। आयरलैंड की टीम धीरे-धीरे अपने प्रदर्शन को बेहतर करती गई, लेकिन दूसरे क्वार्टर में उसे गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। भारत के लिए तीसरे क्वार्टर में बराबरी का गोल शर्मीला देवी ने दागा। हालांकि , क्वार्टर के अंत में साराह हॉकशॉ ने गोल करते हुए आयरलैंड को आगे कर दिया। चौथे क्वार्टर में मेजबान टीम का प्रदर्शन बेहतर रहा। आयरलैंड ने काउंटर अटैक पर दो गोल और किए।

## आज का राशिफल

**मेषः-** आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा। आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है। पूर्व नियोजित यात्रा से परहेज करें। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृषभः-** मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ मिलेगा। सहयोग देंगे तो सहयोग प्राप्त होगा, कार्य में रोमांचक अनुभव होगा। नौकरी पेशावालों के लिए आज का दिन शुभ है।

**मिथुनः-** भाग्य के साथ आज कार्य की व्यस्तता रहेगी। धर्म-कर्म के कार्यों में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**कर्कः-** भाग्य का भरपूर असर दिखेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार कर ही कार्य करें। सक्रिय होकर कार्य करें, लाभ मिलेगा। नौकरी-पेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी।

**सिंहः-** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सचेत होकर कार्य करें। आज जो भी निर्णय लें, अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर ही लें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है।

**कन्याः-** शत्रु आज आपसे दूर भागेंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी। आज आमदनी में प्रवाह बना रहेगा।

**तुलाः-** आज आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे। परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

**वृश्चिकः-** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत होगी। मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा। अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे। जमीन, मकान आदि के दस्तावेजों के विषय में ध्यान रखें।

**धनुः-** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मकरः-** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा लाभदायक रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है।

**कुंभः-** आज ग्रह चाल आपको लाभान्वित होने का मौका प्रदान कर रही है। दिन के पहले भाग में लाभ मिल सकता है। चिंतामुक्त होकर कार्यक्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

**मीनः-** पिछली चली आ रही उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें। अनावश्यक खर्च से बचें।

## कटहल के कबाब...



### सामग्री :

कटहल-1/2 किलो (उबला और मैश किया), प्याज-3 (बारीक कटा), टमाटर-1 (बारीक कटा), बेसन-100 ग्राम, नींबू का रस-3 छोटे टीस्पून, जीरा पाउडर-2 छोटे टीस्पून, धनिया पाउडर- 2 छोटे टीस्पून, अदरक-लहसुन का पेस्ट-2 छोटे टीस्पून, जीरा-1 छोटा टीस्पून, गरम मसाला पाउडर-1 छोटा टीस्पून, तेल-आवश्यकतानुसार, नमक-स्वादानुसार

### विधि :

सबसे पहले कढ़ाही में दो चम्मच तेल डाल कर गर्म करें। तेल गर्म होने पर उसमें जीरा और हरी मिर्च डालें। जब जीरा चटकने तब इसमें प्याज डालकर गोल्डन होने तक फ्राई कर लें। इसके बाद इसमें टमाटर और नमक डाल कर टमाटर के नरम होने तक भून लें।

इसके बाद इसमें अदरक- लहसुन का पेस्ट और सूखे मसालें डालकर धीमी आंच पर दो मिनट तक भून लें। फिर इसमें बेसन डालें और धीमी आंच पर लगभग 10 मिनट तक भून लें।

फिर इसमें मैश किया हुआ कटहल और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिक्स करके एक मिनट तक पका कर गैस बंद कर दें। जब मिक्सचर ठंडा हो जाए तब इसे फिर से हाथों से अच्छी तरह से मिक्स कर लें और उसके छोटे-छोटे बॉल्स बनाकर मनचाहा शेप दे दें।

उसके बाद कढ़ाही में तेल गर्म करें और सभी बॉल्स को तेल में डीप फ्राई कर लें। इन्हें सर्विंग प्लेट में निकालें और मनपसंद चटनी या टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 80

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 79 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.79 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |